Business of House

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, सदन में अब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को चर्चा के लिए रखा जाएगा । इसे आरम्भ करने के पहले इस चर्चा के लिए समय का निर्धारण करना है ।

यदि सदन सहमत हो, तो इस पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित कर दें ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** इसके लिए आज ही देर रात तक बैठना पड़ेगा ।

? (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** सर, जैसा कि आपने कहा, मुझे अच्छा लगा कि हमारे ऑपोजीशन के सभी प्रमुख दल चर्चा के लिए तैयार हैं । हम लोगों ने पहले दिन भी यह अपील की थी ।

सर, आपने इसके लिए जो समय प्रपोज किया है, सरकार की तरफ से हम इससे बिल्कुल सहमत हैं । मैं यह अनुरोध करूंगा, क्योंकि हमारा पूरा एक दिन, पहला दिन, नष्ट हो चुका है, तो आज के दिन को और कल के दिन को, जितना हो सके, हम लोग उसका उपयोग करें । अगर सदन को देर रात तक भी चलाना हो तो यह ठीक है ।

सर, आपने पहले भी सारे नए मेम्बर्स को बोलने का पर्याप्त मौका दिया है । इस बार भी कई नए मेम्बर्स चुन कर आए हैं । काँग्रेस पार्टी से भी बहुत नए मेम्बर्स आए हैं, अन्य दलों से भी आए हैं, हमारी पार्टी से भी आए हैं, तो सभी लोग बोलना चाहेंगे ।? (व्यवधान)

सर, मेरी सिर्फ इतनी ही रिक्वेस्ट है कि चूंकि नए मेम्बर्स को बोलने के लिए हमारे पास यह एक अच्छा मौका है, तो इस पर देर रात तक चर्चा करने को भी हम तैयार हैं ।

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, सरकार ने भी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है कि सदन में सार्थक चर्चा और संवाद हो, अच्छी डिबेट हो, मर्यादित तरीके से डिबेट हो । डिबेट और चर्चा देर रात्रि तक चले और देश ने माननीय सदस्यों को चुन कर भेजा है तो इससे देश में एक सकारात्मक संदेश जाए कि संसद में माननीय सदस्य हमारे विषयों पर चर्चा और संवाद करते हैं ।

एक माननीय सदस्य **:** सर, रिप्लाई कब है?

माननीय अध्यक्ष **:** कल है । आज देर रात तक बैठकर चर्चा कीजिए ।

माननीय राहुल गांधी जी, आप खड़े हुए थे, तो क्या आप कुछ बोलना चाहते हैं?

श्री राहुल गांधी (रायबरेली) **:** स्पीकर सर, धन्यवाद ।

हम चाहते थे कि ?नीट? पर एक दिन का डिस्कशन हो । यह काफी जरूरी मामला है । दो करोड़ युवाओं को नुकसान हुआ है । पिछले सात सालों में 70 बार पेपर्स लीक हुए हैं । हम चाहते थे कि अगर आप इस पर मौका दे सकें तो एक दिन इस पर चर्चा हो ।

माननीय अध्यक्ष **:** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आप विषय रखें । हमने पहले ही व्यवस्था दे रखी है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के मध्य न ही शून्य काल होगा और न ही किसी स्थगन प्रस्ताव को लिया जाएगा ।

? (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, there is no precedence. ? (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष **:** वेणुगोपाल जी, जो प्रिसिडेंस अध्यक्ष बनाते हैं, वही प्रिसिडेंस होते हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सभापति जी भी बता देंगे कि यही प्रिसिडेंस होते हैं ।

? (व्यवधान)

SHRI MANISH TEWARI (CHANDIGARH): But, Sir, rules allow for an Adjournment Motion. ? (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष **:** वकील साहब, रूल के बाद भी अध्यक्ष के निर्देश होते हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आपके नेता लोग आपको बोलने नहीं दे रहे हैं ।

? (व्यवधान)

श्री राहुल गांधी **:** सर, पार्लियामेंट से देश को मैसेज जाता है । हम स्टूडेंट्स को मैसेज देना चाहते हैं कि जो ?नीट? का इश्यू है, वह पार्लियामेंट के लिए जरूरी है । इसलिए यह मैसेज देने के लिए हम चाहते थे कि पार्लियामेंट में एक दिन इस पर चर्चा करें ।

माननीय अध्यक्ष **:** आप नोटिस दे दें, मैं इसे देखता हूं ।

? (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL: Sir, at least, allow LoP to conclude. ? (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष **:** उन्होंने विषय को कनक्लूड कर दिया है ।

रक्षा मंत्री **(**श्री राज नाथ सिंह**):** अध्यक्ष महोदय, यह पूरा सदन इस बात से अवगत है कि संसद की कार्यवाही कुछ रूल्स और प्रोसिजर्स के आधार पर चलती है । रूल्स और प्रोसिजर्स के अतिरिक्त संसद के कुछ हेल्दी ट्रेडिशंस हैं, जिनके आधार पर भी कार्यवाही चलती है । मैं मानता हूँ कि ये हेल्दी ट्रेडिशंस हमारी संसद की एक

सबसे बड़ी ताकत है । जब कभी राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा होती है, तो आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ है, क्योंकि अपने लंबे संसदीय जीवन में जो मैंने देखा है, उसके आधार पर मैं कह सकता हूँ कि अन्य किसी विषय पर उस समय चर्चा हुई हो । इसलिए मैं अपने सभी सम्मानित विपक्ष के सदस्यों से भी आग्रह करना चाहता हूँ कि आप जिस विषय पर चर्चा करना चाहते हैं, उस पर चर्चा करें, लेकिन एक बार राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव है, उसको संसद में पारित करने के बाद ही करें । यह मेरा सभी से विनम्र अनुरोध है । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव ।

श्री अनुराग ठाकुर जी ।

? (व्यवधान)

श्री राहुल गांधी **:** सर, मैं राजनाथ सिंह जी की बात से सहमत हूँ, तो ऐसा करते हैं कि प्रेसिडेंट एड्रेस पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होने के बाद एक दिन ?नीट? पर चर्चा के लिए दे देते हैं । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप नोटिस देना, मैं निर्णय करूंगा । राजनाथ सिंह जी का तो सुझाव हो सकता है, लेकिन निर्णय मैं करूंगा या बीएसी निर्णय करेगी ।

श्री अनुराग ठाकुर जी ।

? (व्यवधान)

-

11.27 hrs